केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

प्रश्न पत्रों में विसंगतियों पर विचार करने के लिए नीति

सीबीएसई हर साल लाखों छात्रों के लिए कक्षा-X और कक्षा-XII की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित कर रहा है,जो भारत के लगभग 5000 परीक्षा केंद्रों और विदेशों में 25 देशों में परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं और हर साल इसमें बढ़ौतरी हो रही है।

यदि परीक्षा के दिन प्रश्न पत्र देने के बाद कोई भी विसंगति पर ध्यान में आती है,तो सभी केंद्रों पर उसके समाधान को संप्रेषित करना संभव नहीं है। सीबीएसई के पास प्रश्न पत्रों में विसंगति के मुद्दों को हल करने के लिए निम्नानुसार एक तंत्र है: -

1. परीक्षा के दिन विषय विशेषज्ञों से टिप्पणियाँ प्राप्त की जाती हैं ।
2. परीक्षा के संचालन के 24 घंटे के भीतर सभी स्कूलों से प्रश्न पत्र पर टिप्पणियाँ प्राप्त की जाती हैं ।
3. परीक्षा के संचालन के 24 घंटों के भीतर अन्य स्रोतों से प्राप्त जानकारी को भी ध्यान में रखा जाता है ।

सभी टिप्पणियों को संकलित किया जाता है और मार्किंग स्कीम तैयार करने वाले समूह को भेज दिया जाता है ताकि विसंगति को दूर करने के लिए इस तरह से प्रावधान किया जा सके कि छात्रों का हित सुरक्षित रहे।